अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में चल रहा पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा व गृह परिचर्या शिविर

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा व गृह परिचर्या शिविर चल रहा है। इस शिविर का आयोजन जिला रेड क्रॉस सोसायटी, फरीदाबाद व सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन, फरीदाबाद के द्वारा किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय शिविर में जो 16 सितम्बर से 20 सितम्बर 2019 तक चलेगा में 80 युवा रेड क्रॉस के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षक व रेड क्रॉस के लाइफटाइम मेंबर श्री दर्शन भाटिया जी ने आज शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा की मौलिक जानकारी के साथ-साथ इसकी आवश्यकता जैसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला। जहरीले जीवों के काटने पर व हड्डियों के टूटने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचारों से अवगत कराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन करवाते रहते हैं क्योंकि ये शिविर समाजसेवा के उद्देश्य को तो पूरा करते ही हैं, साथ साथ रोज़गार के काबिल बनाते हैं। युवा रेड क्रॉस की प्रथम इकाई संयोजक डॉ० जयपाल सिंह जी ने स्वयंसेवकों को शिविर के उद्देश्य, उपयोगिता व नियमों से अवगत कराया। इस अवसर पर इकाई दो के कॉउंसलर श्री सुभाष व इकाई तीन के श्री लवकेश उपस्थित रहे।